# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# दिसम्बर, 2024

संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी दिसम्बर, 2024 (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 3 December, 2024

### ■ रातापानी टाइगर रिवर्ज देश का 75वाँ टाइगर रिजर्व घोषित हुआ—

2 दिसम्बर, 2024 को मध्य प्रदेश में बाघों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने 'रातापानी अभयारण्य' को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया है।

इसके साथ ही 'रातापानी टाइगर रिजर्व' मध्य प्रदेश का 8वाँ टाइगर रिजर्व तथा देश का 75वाँ टाइगर रिजर्व बन गया है। रातापानी टाइगर रिजर्व का कोर एरिया 763.8 वर्ग किमी. बफर एरिया 507.6 वर्ग किलोमीटर तथा कुल क्षेत्रफल 1271.4 वर्ग किलोमीटर है। इसमें भोपाल, रायसेन और सीहोर जिले के कुछ हिस्से शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि रातापानी को वर्ष 1976 में वन्य जीव अभयारण्य घोषित किया गया था।

## Newspaper of 4 December, 2024

### ■ बीबीसी की 100 प्रभावशाली महिलाओं की सूची में तीन भारतीय शामिल—

3 दिसम्बर, 2024 को यूनाइटेड किंगडम के राष्ट्रीय प्रसारक ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (BBC) द्वारा वर्ष 2024 के लिए विश्व भर की 100 प्रेरक और प्रभावशाली महिलाओं की सूची 'BBC 100 Women 2024' शीर्षक से जारी की गई है।

इस सूची में विश्व भर की 100 प्रेरक और प्रतिभाशाली महिलाओं को पर्यावरण कार्यकर्ता, संस्कृति एवं शिक्षा मनोरंजन एवं खेल, राजनीति एवं एडवोकेसी विज्ञान तथा स्वास्थ्य एवं तकनीकी श्रेणी में स्थान दिया गया है।

बीबीसी की इस सूची में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता विदुषी नादिया मुराद, रेप सर्वाइवर एवं कैंपेनर जिजेल पेलिको, अभिनेत्री शेरॉन स्टोन, ओलम्पियन एथलीट रेबेका एंड्राडे और एलिसन फेलिक्स, सिंगर रायी, विजुअल आर्टिस्ट ट्रेसी एमिन, क्लाइमेट कैंपेनर एडिनिके ओलाडूसू और लेखिका क्रिस्टीयाना रिवेरा गार्जा शामिल हैं।

### ■ 29वाँ सीआईआई भागीदारी शिखर सम्मेलन 2024 आयोजित हुआ—

2-3 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में 29वें सीआईआई भागीदारी शिखर सम्मेलन 2024 का आयोजन हुआ। इस सम्मेलन का आयोजक भारतीय उद्योग परिसंघ और वाणिज्य उद्योग मंत्रालय रहा। इस सम्मेलन की थीम 'प्रगति के लिए साझेदारी' रही।

## Newspaper of 5 December, 2024

### ■ पाकिस्तान को हराकर भारत पाँचवीं बार जूनियर एशिया कप हॉकी का विजेता बना—

26 नवम्बर- 4 दिसम्बर, 2024 के बीच ओमान के मस्कट में पुरुषों की (11वीं) जूनियर एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें भारत पाकिस्तान को 5-3 से हराकर विजेता बना। भारत की ओर से अरिजीत सिंह हुंदल ने चार गोल किए, जबकि दिलराज सिंह ने एक गोल दागा।

भारत ने 21 वर्ष के कम आयु के खिलाड़ियों का यह टूर्नामेंट पाँचवीं बार जीता। भारत इससे पूर्व 2004, 2008, 2015 व 2023 में यह ट्रॉफी जीत चुका है।

## Newspaper of 6 December, 2024

### ■ इसरो ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का प्रोबा-3 लॉन्च किया—

5 दिसम्बर, 2024 को इसरो ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) के 'प्रोबा-3' (Proba-3) मिशन को लॉन्च किया है। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के वाणिज्यिक मिशन के रूप में प्रोबा-3 अंतरिक्ष यान को 'PSLV-C59' रॉकेट द्वारा श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। यह इसरो का 61वाँ पीएसएलवी मिशन था।

**प्रोबा-3 मिशन के प्रमुख तथ्य—**

- 'प्रोबा-3' मिशन यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का सोलर मिशन है, जो सूर्य के रहस्यों को खंगालेगा, जिसमें यह सूरज के वातावरण या कोरोना, सौर तूफान व मौसम का अध्ययन करेगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- इस मिशन में दो उपग्रह शामिल हैं। इनमें से एक 310 किग्रा. वजनी कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट (CSC) और दूसरा 240 किग्रा. भार वाला ऑकुल्टर स्पेसक्राफ्ट (OSC) है।

### ■ देवेन्द्र फडणवीस महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री बने—

5 दिसम्बर, 2024 को भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। देवेन्द्र फडणवीस राज्य के तीसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। पहली बार 31 अक्टूबर, 2014 को राज्य के मुख्यमंत्री बने। दूसरी बार 23 नवम्बर, 2019 को केवल पाँच दिन के लिए मुख्यमंत्री बने। इस्तीफा देने के बाद वह नेता प्रतिपक्ष बने।

## Newspaper of 7 December, 2024

### ■ विश्व समुद्री प्रौद्योगिकी सम्मेलन (WMTC) 2024 का आयोजन हुआ—

4-6 दिसम्बर को चेन्नई में विश्व समुद्री प्रौद्योगिकी सम्मेलन (WMTC) 2024 का आयोजन हुआ। इसका आयोजक विश्व समुद्री प्रौद्योगिकी कांग्रेस रहा।

इस सम्मेलन का विषय : समुद्री नवाचार, स्थिरता, एआई एकीकरण और वैश्विक व्यापार कनेक्टिविटी रहा।

गौरतलब है कि इस सम्मेलन में 17 देशों के 21 संगठन प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए।

## Newspaper of 9 December, 2024

### ■ बांग्लादेश ने एसीसी अंडर-19 एशिया कप, 2024 दूसरी बार जीता—

24 नवम्बर से 8 दिसम्बर, 2024 तक चले इस टूर्नामेंट में UAE के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत को 59 रनों से हराकर दूसरी बार यह खिताब अपने नाम किया। बांग्लादेश के इकबाल हुसैन इमान को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।

इस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व मोहम्मद अमान ने किया, जबकि बांग्लादेश के कप्तान अजिजुल हकीम थे।

उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ने यह चैम्पियनशिप आठ बार अपने नाम की है।

## Newspaper of 12 December, 2024

### ■ फोर्ब्स 2024 की विश्व की सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में तीन भारतीय शामिल—

11 दिसम्बर, 2024 को प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा वर्ष 2024 की विश्व की सबसे शक्तिशाली महिलाओं की जारी की गई सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं।

फोर्ब्स की वर्ष 2024 की इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर क्रमशः यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, यूरोपीय केन्द्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड तथा इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी रहीं।

फोर्ब्स की इस 21वीं सूची में जिन तीन भारतीय महिलाओं को स्थान दिया गया है, उनमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार शॉ शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार तीसरी बार फोर्ब्स की इस सूची में जगह बनाई है। टॉप 100 में से फोर्ब्स ने उन्हें 28वें स्थान पर रखा है।

### ■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 प्रदान किए—

11 दिसम्बर, 2024 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में ग्रामीण भारत में सतत और समावेशी विकास में योगदान के लिए 45 असाधारण पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया।

**विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए पुरस्कार निम्न हैं—**

1. **दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार (DDUPSVP) :** 27 पंचायतों को सम्मानित किया गया।
2. **नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार :** 9 पंचायतों को सम्मानित किया गया।
3. **ग्राम ऊर्जा स्वराज विशेष पंचायत पुरस्कार :** महाराष्ट्र, ओडिशा और त्रिपुरा की पंचायतों को नवीनीकरणीय ऊर्जा में नवाचार के लिए सम्मानित किया गया।
4. **कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार :** महाराष्ट्र, ओडिशा और उत्तर प्रदेश की पंचायतों को सम्मानित किया गया।
5. **पंचायत क्षमता निर्माण सर्वोत्तम संस्थान पुरस्कार :** केरल, महाराष्ट्र और ओडिशा की संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, बाल कल्याण, जल संरक्षण, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे, सामाजिक न्याय, शासन और महिला सशक्तीकरण के प्रयासों के लिए पंचायतों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है।

### ■ संजय मल्होत्रा : आरबीआई के नए गवर्नर बने—

11 दिसम्बर, 2024 को आईएएस अधिकारी संजय मल्होत्रा ने

भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

1990 बैच के राजस्थान कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मल्होत्रा ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रभावी कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वे आरबीआई का गवर्नर पद सँभालने से पूर्व वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव पद पर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि संजय मल्होत्रा बीकानेर (राजस्थान) के मूल निवासी हैं, उन्होंने वसुंधरा राजे सरकार में कई अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है।

## Newspaper of 13 December, 2024

### ■ आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पारित हुआ—

12 दिसम्बर, 2024 को आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 लोकसभा द्वारा ध्वनिमत से पारित कर दिया गया है।

इस विधेयक का उद्देश्य मौजूदा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन करना है। आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (SDMA) और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (DDMA) की स्थापना की गई। ये तीनों प्राधिकरण राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए जिम्मेदार हैं।

**विधेयक के प्रमुख बिन्दु—**

- इस विधेयक के तहत, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) को आपदा योजना बनाने का अधिकार दिया जाएगा।
- आपदा प्रबंधन से जुड़ी झूठी जानकारी देने या अफवाह फैलाने पर एक से दो वर्ष तक की जेल हो सकती है।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आपदा डाटाबेस बनाया जाएगा।

### ■ डोनाल्ड ट्रम्प टाइम पत्रिका के वर्ष 2024 के 'पर्सन ऑफ द ईयर' चुने गए—

12 दिसम्बर, 2024 को अमेरिकी पत्रिका टाइम ने वर्ष 2024 के लिए 'पर्सन ऑफ द ईयर' (Person of the Year) की घोषणा की है। इस वर्ष यह सम्मान अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प (Donald Trump) को दिया गया है।

टाइम पत्रिका ने डोनाल्ड ट्रम्प को पर्सन ऑफ द ईयर घोषित करते हुए दिसम्बर, 2024 के एक अंक में मुख्य पृष्ठ पर स्थान दिया है।

डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरी बार यह सम्मान मिला है, इससे पूर्व वर्ष 2016 में टाइम ने उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में उनकी अप्रत्याशित जीत के बाद 'पर्सन ऑफ द ईयर' नामित किया था।

उल्लेखनीय है कि टाइम द्वारा यह सम्मान प्रति वर्ष किसी ऐसे व्यक्ति को दिया जाता है, जिसका वैश्विक घटनाओं एवं गतिविधियों पर विगत एक वर्ष में सर्वाधिक प्रभाव रहा है।

### ■ भारत के डी. गुकेश शतरंज के नए विश्व चैम्पियन बने—

दिसम्बर, 2024 में भारत के 18 वर्षीय युवा खिलाड़ी डी. गुकेश के शतरंज के नए विश्व चैम्पियन बने हैं।

डी. गुकेश ने इस खिताब के लिए पिछले वर्ष के विजेता डिंग लिरेन को सिंगापुर में 25 नवम्बर- 12 दिसम्बर, 2024 के दौरान खेले गए मुकाबले में पराजित किया है।

गुकेश ने सिंगापुर में खेले गए इस मुकाबले की आखिरी और 14वीं बाजी में मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन को मात देकर जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के अंत में गुकेश के 7.5 और लिरेन के 6.5 अंक थे।

### ■ पहले भारत समुद्री विरासत सम्मेलन का आयोजन हुआ—

11-12 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में पहले भारत समुद्री विरासत सम्मेलन का आयोजन हुआ।

इसका आयोजन बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (MOPSW) द्वारा किया गया।

इस सम्मेलन का विषय 'वैश्विक समुद्री इतिहास में भारत की स्थिति को समझना' रहा।

## Newspaper of 14 December, 2024

### ■ फ्रेंकोइस बायरू को फ्रांस का नया प्रधानमंत्री नामित किया गया—

13 दिसम्बर, 2024 को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रेंकोइस बायरू (Francois Bayrou) को वर्ष 2024 का अपना तीसरा प्रधानमंत्री नामित किया है। वर्ष 2024 में इनसे पहले गैबरील अटल (जनवरी-सितम्बर, 2024)और मिशेल बार्नियर (सितम्बर-दिसम्बर, 2024) प्रधानमंत्री रह चुके हैं। फ्रेंकोइस बायरू वर्ष 2027 तक इस पद पर रहेंगे।

### ■ मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के पक्षों का सम्मेलन (COP16) हुआ—

2-13 दिसम्बर को मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के पक्षों का सम्मेलन (COP16) हुआ। यह इसका 16वाँ संस्करण था। इस सम्मेलन का आयोजन स्थल रियाद (सऊदी अरब) रहा।

COP16 के फोकस क्षेत्र निम्नलिखित हैं—

- भूमि पुनरुद्धार
- सूखे से निपटने की क्षमता

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- सतत विकास लक्ष्यों के केन्द्र में भूमि
- महिलाओं के भूमि अधिकार

## Newspaper of 16 December, 2024

### 28वीं विश्व स्क्वैश टीम चैम्पियनशिप 2024—

9-15 दिसम्बर, 2024 को पुरुषों की वर्ष 2024 की वर्ल्ड स्क्वैश टीम चैम्पियनशिप का आयोजन हांगकांग में किया गया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला इंग्लैण्ड और मिस्र की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें मिस्र ने 2-0 से इंग्लैण्ड को पराजित किया।

इस चैम्पियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने हांगकांग को 2-0 से हराकर पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। भारतीय टीम ने पहली बार विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष पाँच में जगह बनाई।

### विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो (WAC) का आयोजन हुआ—

12-15 दिसम्बर, 2024 को देहरादून (उत्तराखण्ड) में विश्व आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो (WAC) का आयोजन हुआ। इसका आयोजन विश्व आयुर्वेद फाउंडेशन (WAF) द्वारा किया गया। इसकी थीम 'डिजिटल स्वास्थ्य : आयुर्वेद का एक परिप्रेक्ष्य' रही।

### भारत-मलेशिया संयुक्त सैन्य अभ्यास सम्पन्न हुआ—

2-15 दिसम्बर, 2024 को भारत-मलेशिया संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमाऊ शक्ति' का चौथा संस्करण मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में सम्पन्न हुआ। संयुक्त अभ्यास हरिमाऊ शक्ति एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारत और मलेशिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।

### देश का पहला जियो साइंस म्यूजियम ग्वालियर में स्थापित हुआ—

15 दिसम्बर, 2024 को भारत के पहले जियो साइंस म्यूजियम को ग्वालियर के महाराजा बाड़ा स्थित ऐतिहासिक विक्टोरिया मार्केट बिल्डिंग में स्थापित किया गया है।

इसका उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया।

यह म्यूजियम भू-विज्ञान, पृथ्वी की उत्पत्ति और मानव सभ्यता के विकास से जुड़ी अनूठी जानकारी का केन्द्र है।

### देश के मुख्य सचिवों का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ—

13-15 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में देश के मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई।

इस सम्मेलन का विषय 'उद्यमिता, रोजगार और कौशल को बढ़ावा देना - जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाना' रहा।

## Newspaper of 17 December, 2024

### तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन हुआ—

16 दिसम्बर, 2024 को महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन का 73 वर्ष की आयु में 'आईडियोपैथिक अल्मोनरी फाइब्रोसिस' नामक बीमारी के कारण अमेरिका में निधन हो गया।

उन्होंने भारतीय शास्त्रीय परम्पराओं को विभिन्न संगीत शैलियों के साथ सहजता से मिश्रित किया, जिसने दुनिया भर के दर्शकों को मोहित किया। उन्हें 1988 में पद्मश्री, 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

## Newspaper of 18 December, 2024

### वन नेशन वन इलेक्शन बिल लोक सभा में पेश हुआ—

17 दिसम्बर, 2024 को देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' (One Nation One Election Bill) के प्रावधान वाले विधेयक 'संविधान (129वाँ संशोधन) विधेयक 2024' को संसद के निचले सदन 'लोकसभा' में प्रस्तुत किया गया।

यह विधेयक देश के कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा पेश किया गया। इन विधेयकों पर सभापति ने सदन में वोटिंग कराई, जिसमें विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 वोट, जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। इस बिल के लिए देश में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग करवाई गई तथा इस बिल को जाँच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (Joint Parliamentary Comittee) के पास भेज दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि एक देश - एक चुनाव पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितम्बर, 2023 को एक कमेटी बनाई गई थी। इस समिति ने 14 मार्च, 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी थी।

### चीन ने चार रिमोट उपग्रह लॉन्च किए—

17 दिसम्बर, 2024 को चीन के द्वारा चार 'पीआईईसैट-2' (PIESAT-2) पृथ्वी रिमोट सेंसिंग उपग्रहों को शांक्सी प्रांत में स्थित ताइयुआन कॉस्मोड्रोम से चांगझेंग-2डी 'लॉन्ग मार्च' प्रक्षेपण यान द्वारा सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। चांगझेंग प्रक्षेपण यान के इस 553वें मिशन में 'पीआईईसैट-2' उपग्रहों को 528 किलोमीटर की सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में प्रक्षेपित किया गया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

गौरतलब है कि इन उपग्रहों का मुख्य उद्देश्य उपग्रह आधारित पृथ्वी निगरानी तकनीकों को बढ़ावा देना है।

## फीफा बेस्ट अवॉर्ड्स 2024 दिए गए—

17 दिसम्बर, 2024 को फीफा (FIFA) के वर्ष 2024 के पुरस्कारों का वितरण दोहा (कतर) में किया गया।

इनमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार पुरुषों में ब्राजील के विनिसियस जूनियर (Vinicius Jr) को और महिलाओं में स्पेन की ऐताना बोनमाती (Aitana Bonmati) को दिया गया। ऐताना बोनमाती ने लगातार दूसरी बार यह अवॉर्ड जीता है।

## 'किसान कवच' का अनावरण किया गया—

17 दिसम्बर, 2024 को केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने भारत का अपनी तरह का पहला कीटनाशक रोधी बॉडीसूट 'किसान कवच' का अनावरण किया। इसे किसानों को कीटनाशकों के संपर्क में आने से होने वाले हानिकारक प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।

गौरतलब है कि यह बॉडीसूट कीटनाशक-प्रेरित विषाक्तता, जो अक्सर श्वास संबंधी विकार, दृष्टि हानि और चरम स्थितियों में, मृत्यु सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का कारण बनती है, से सुरक्षा प्रदान करता है।

**Newspaper of 19 December, 2024**

## वर्ष 2024 के साहित्य अकादमी पुरस्कारों (2024) की घोषणा की गई—

18 दिसम्बर, 2024 को साहित्य अकादमी ने वर्ष 2024 के साहित्य अकादमी पुरस्कारों की घोषणा की।

24 भाषाओं में से 21 भाषाओं की उत्कृष्ट कृतियों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किए गए हैं, जबकि तीन भाषाओं – बंगाली, डोगरी और उर्दू के पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी।

21 भाषाओं में 8 कविता संग्रह, 3 उपन्यास, 2 लघु कहानी संग्रह, 3 निबन्ध संग्रह, 3 साहित्यिक आलोचना तथा 1-1 नाटक और शोध कार्य कृतियाँ शामिल हैं।

पुरस्कार हेतु चुने गए साहित्यकारों को ताम्रपत्र व शॉल के साथ ₹ 1-1 लाख की राशि 8 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान की जाएगी।

**साहित्य अकादमी पुरस्कार 2024 से पुरस्कृत साहित्यकार**

| भाषा | लेखक | रचना |
|---|---|---|
| **कविता संग्रह** | | |
| हिन्दी | गगन गिल | मैं जब तक आयी बाहर |
| पंजाबी | पॉल कौर | सुन गुणवंता सुन बुद्धिवंता : इतिहासनामा पंजाब |
| मलयालम | के. जयकुमार | पिंगेलकेशिनी |
| मणिपुरी | हाओबम सत्यबती देवी | मैनू बोरा नुंग्शी शिरोल |
| गुजराती | दिलीप झावेरी | भगवान-नी वातो |
| असमिया | समीर तांती | फरिंगबोअरा बटोर कथा जने |
| राजस्थानी | मुकुट मणिराज | गांव अर अम्मा |
| संस्कृत | दीपक कुमार शर्मा | भास्करचरितम् |
| **उपन्यास** | | |
| अंग्रेजी | ईस्टरिन किरे | स्पिरिट नाइट्स |
| कश्मीरी | सोहन कौल | साइकेट्रिक वार्ड |
| बोडो | अरेन राजा | सोराने थखाय |
| **लघु कथाएँ** | | |
| नेपाली | युवा बराल | छिचिमिरा |
| सिंधी | हुंदराज बलवानी | पूर्जो |
| **निबंध संग्रह** | | |
| कोंकणी | मुकेश थली | रंगतरंग |
| मैथिली | महेन्द्र मलंगिया | प्रबंध संग्रह |
| ओडिया | बैष्णव चरण समाई | भूति भक्ति बिभूति |
| **नाटक** | | |
| संथाली | महेश्वर सोरन | सेचेड सावंता रेन अन्धा मनमी |
| **साहित्यिक आलोचना** | | |
| कन्नड़ | के.वी. नारायण | नुडिगाला अलिवु |
| मराठी | सुधीर रसाल | विदांचे गद्यरूप |
| तेलुगू | पेनुगोंडा लक्ष्मीनारायण | दीपिका |
| **शोध कार्य** | | |
| तमिल | ए.आर. वेंकटचलपति | तिरुनेलवेली एजुकियम वा.वू.सी. यम 1908 |

उल्लेखनीय है कि साहित्य अकादमी पुरस्कार संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं के अतिरिक्त अंग्रेजी और राजस्थानी सहित 24 भाषाओं में दिया जाता है।

## आर. अश्विन ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास लिया—

18 दिसम्बर, 2024 को भारतीय क्रिकेट टीम के 38 वर्षीय दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

अश्विन का टेस्ट कॅरियर खासकर बेहद कामयाब रहा। उन्होंने अपने कॅरियर में 106 टेस्ट मैच खेले और 537 विकेट हासिल किए। वह अनिल कुंबले के बाद सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय हैं।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**आर. अश्विन का अन्तर्राष्ट्रीय कॅरियर : एक नजर में**

| प्रारूप | मैच | विकेट | सर्वश्रेष्ठ | रन | शतक | अर्द्धशतक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 106 | 537 | 7-59 | 3503 | 06 | 14 |
| वनडे | 116 | 156 | 4-25 | 707 | 00 | 01 |
| टी-20 | 65 | 75 | 4-8 | 184 | 00 | 00 |

## Newspaper of 21 December, 2024

### ■ श्रीलंका-भारत नौसेना अभ्यास-2024 (SLINEX-24) का आयोजन—

17-20 दिसम्बर, 2024 को भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास 'SLINEX-24' का आयोजन विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान के तत्वावधान में दो चरणों में हुआ। इस अभ्यास का बंदरगाह चरण 17-18 दिसम्बर को और समुद्री चरण 19-20 दिसम्बर को आयोजित किया गया। यह प्रतिवर्ष होने वाले इस अभ्यास का यह 11वाँ संस्करण था।

## Newspaper of 23 December, 2024

### ■ भारत ने पहला अंडर-19 महिला एशिया कप (2024) जीता—

पहले अंडर-19 महिला एशिया कप का आयोजन 15-22 दिसम्बर, 2024 को मलेशिया के कुआलालम्पुर में किया गया जिसमें 22 दिसम्बर, 2024 को कुआलालम्पुर के बयुमास ओवल स्टेडियम पर खेले गए फाइनल मैच में भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 41 रन से हराया।

फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच भारत की गोंगादी त्रिशा को चुना गया। गोंगादी त्रिशा को ही 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 159 रन बनाए।

## Newspaper of 24 December, 2024

### ■ जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम : राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष नियुक्त—

दिसम्बर 2024 में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के नए अध्यक्ष बनाए गए।

न्यायमूर्ति रामासुब्रमण्यम ने इस पद पर अपना कार्यभार 23 दिसम्बर, 2024 को ग्रहण किया।

न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यम ने न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा का स्थान लिया है।

### ■ फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का निधन हुआ—

23 दिसम्बर, 2024 को भारतीय सिनेमा के महान निर्माता श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी फिल्में सामाजिक न्याय और ग्रामीण सशक्तिकरण पर आधारित थीं।

श्याम बेनेगल को 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्म भूषण तथा वर्ष 2005 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## Newspaper of 25 December, 2024

### ■ पाँच राज्यों में नए राज्यपाल नियुक्त किए गए—

24 दिसम्बर, 2024 को केन्द्र सरकार ने पाँच राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्तियाँ की हैं।

इनमें से तीन राज्यों के लिए नए राज्यपाल नियुक्त किए गए हैं, जबकि दो राज्यों में अन्य राज्यों से राज्यपाल स्थानान्तरित किए गए हैं।

**नए राज्यपाल : एक नजर में**

| राज्य | नए राज्यपाल | पूर्व राज्यपाल |
|---|---|---|
| मणिपुर | अजय कुमार भल्ला | अनुसूइया उइके |
| मिजोरम | (सेवा.) जनरल वी.के. सिंह | डॉ. हरि बाबू कंभमपति |
| बिहार | आरिफ मोहम्मद खान | राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर |
| केरल | राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर | आरिफ मोहम्मद खान |
| ओडिशा | डॉ. हरि बाबू कंभमपति | रघुवर दास |

### ■ काम्या कार्तिकेयन ने 7 महाद्वीपों की सात चोटियों को फतह किया; ऐसा करने वाली दुनिया की सबसे युवा पर्वतारोही बनी—

हाल ही में मुंबई की 17 वर्षीय काम्या कार्तिकेयन ने सभी 7 महाद्वीपों की 7 चोटियों को फतह करने का रिकॉर्ड बनाया है। काम्या ऐसा करने वाली दुनिया की सबसे युवा पर्वतारोही बन गई हैं।

उन्होंने 24 दिसम्बर, 2024 को अंटार्कटिका के माउंट विन्सन को फतह करके यह मुकाम हासिल किया। काम्या ने इससे पहले अफ्रीका (माउंट किलिमंजारो), यूरोप (माउंट एल्ब्रुस), ऑस्ट्रेलिया (माउंट कोसियस्को), दक्षिण अमेरिका (माउंट एकान्कागुआ), उत्तरी अमेरिका (माउंट डेनाली), एशिया (माउंट एवरेस्ट) पर विजय प्राप्त की थी।

## Newspaper of 26 December, 2024

### ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखी—

25 दिसम्बर, 2024 को 'केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना' (Ken-Betwa Link Project) की आधारशिला प्रधानमंत्री

नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्य प्रदेश के खजुराहो में रखी गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट को भी ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। यह मध्य प्रदेश का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर स्मारक डाक टिकट और ₹ 100 का सिक्का भी जारी किया।

उल्लेखनीय है कि 'केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना' राष्ट्रीय नदी जोड़ो नीति के तहत पहली परियोजना है। इससे मध्य प्रदेश के 10 जिलों के 44 लाख और उत्तर प्रदेश के 21 लाख लोगों को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिलेगा।

## Newspaper of 27 December, 2024

### ■ प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (2025) प्रदान किए गए—

26 दिसम्बर, 2024 को बहादुरी, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा व खेलकूद जैसी सात श्रेणियों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए 14 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों से चुने गए 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 17 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान किए गए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किए। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियाँ शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह पुरस्कार गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से पूर्व प्रदान किए जाते थे, लेकिन अब यह पुरस्कार वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसम्बर को प्रदान किए गए हैं।

### ■ पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन—

26 दिसम्बर, 2024 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

डॉ. मनमोहन सिंह ने 22 मई, 2004 को देश के 13वें प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की थी। उन्होंने अपने दो कार्यकाल पूरे किए तथा 26 मई, 2014 तक प्रधानमंत्री रहे।

वह देश के पहले सिख और चौथे सबसे लम्बे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे।

**डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान—**

- वैश्वीकरण और उदारीकरण (जून 1991)
- सूचना का अधिकार (जून 2005)
- रोजगार गारंटी योजना (सितम्बर 2005)
- अमेरिका से न्यूक्लियर डील (मार्च 2006)
- पहचान के आधार कार्ड (जनवरी 2009)

### ■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारम्भ किया—

26 दिसम्बर, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित तीसरे वीर बाल दिवस कार्यक्रम में 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारम्भ किया। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर कुपोषण को समाप्त करना है।

## Newspaper of 30 December, 2024

### ■ भारत के लक्ष्य सेन ने किंग कप में कांस्य पदक जीता—

29 दिसम्बर, 2024 को भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेनझेन (चीन) में किंग कप इंटरनेशनल बैडमिंटन ओपन में फ्रांस के एलेक्स लैनियर को 21-17, 21-11 से हराकर कांस्य पदक जीता। लक्ष्य सेन को इस जीत से पुरस्कार स्वरूप ₹ 36 लाख की राशि मिली।

इस टूर्नामेंट का खिताब (स्वर्ण पदक) डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने चीन के हू झिन एन को 2-1 से हराकर जीता।

## Newspaper of 31 December, 2024

### ■ इसरो द्वारा SpaDex Mission की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की गई—

30 दिसम्बर, 2024 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाते हुए स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन लॉन्च किया।

यह आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र (SDSC) से पीएसएलवी-C60 रॉकेट दो छोटे उपग्रहों SDX-01 (चेजर) SDX-02 (टारगेट) और 24 पेलोड के साथ रवाना हुआ और उपग्रह करीब 475 किमी. की निचली कक्षा में स्थापित कर दिए गए। इस मिशन की सफलता के बाद रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन गया।

गौरतलब है कि इसरो का लक्ष्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने और अलग करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल करना है, इस पहल को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (SpaDex) नाम दिया गया है।

### ■ भारत की कोनेरू हम्पी ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती—

दिसम्बर, 2024 में भारत की ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने न्यूयॉर्क में आयोजित प्रतिष्ठित महिलाओं की विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया। उन्होंने

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराया। हम्पी ने 11वें राउंड में 8.5 अंक हासिल करके टूर्नामेंट में जीत हासिल की।

उल्लेखनीय है कि कोनेरू हम्पी, चीन की जू वेनजुन के बाद यह खिताब एक से अधिक बार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उन्होंने 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी।

पुरुषों का वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब वोलादर मुर्जिन (Voladar Murzin) ने जीता।

## ■ देश का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज पम्बन ब्रिज बनकर तैयार हुआ—

हाल ही में भारतीय रेलवे ने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज 'पम्बन ब्रिज' का निर्माण पूरा कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह पुल मुख्य भूमि के मण्डपम को पम्बन द्वीप और रामेश्वरम से जोड़ेगा।

यह पुल भारत में अपनी तरह का पहला और विश्व में दूसरा पुल है, जिसे अन्तर्राष्ट्रीय कंसल्टेंट TYPSA ने भारतीय और यूरोपीय मानकों के अनुसार डिजाइन किया है।

इस ब्रिज की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवम्बर 2019 में पुराने पुल के समानान्तर रखी थी। इसका निर्माण फरवरी 2020 में शुरू किया गया।

**प्रमुख तथ्य—**

इस नए ब्रिज का निर्माण 'रेल विकास निगम लिमिटेड' (RVNL) द्वारा ₹ 535 करोड़ की लागत से किया गया है।

ब्रिज का बीच वाला हिस्सा लिफ्ट की तरह पूरा ही ऊपर चला जाता है।

## ■ चीन में दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भण्डार मिला—

हाल ही में चीन के हुनान प्रांत में विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण भण्डार मिला है, जहाँ भूवैज्ञानिकों ने 2 किलोमीटर की गहराई पर 40 सोने की शिराओं की पहचान की है। यहाँ 1 मीट्रिक टन अयस्क में 138 ग्राम (लगभग 5 औंस) सोना होने की संभावना है।

हुनान की पिंगजियांग काउंटी के पास खोजे गए इस उच्च गुणवत्ता वाले 1000 मीट्रिक टन सोने का मूल्य 83 बिलियन डॉलर से भी अधिक आँका गया है।

## ■ आईआईटी मद्रास ने हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक का निर्माण पूरा किया—

हाल ही में आईआईटी मद्रास ने 410 मीटर लम्बे हाइपरलूप टेस्ट ट्रैक (Hyperloop test track) का निर्माण पूरा कर लिया है। यह टेस्ट ट्रैक थाईयुर में आईआईटी मद्रास के डिस्कवरी कैंपस में मौजूद है।

इस ट्रैक को भारतीय रेलवे, आईआईटी मद्रास की आविष्कार हाइपरलूप टीम और संस्थान में स्थापित स्टार्टअप टीयूटीआर हाइपरलूप ने मिलकर तैयार किया है।

यह भारत में हाइपरलूप तकनीक पर किया गया पहला बड़ा प्रयोग है। इस टेस्ट ट्रैक पर 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेन दौड़ सकती है। इसके बाद लंबे ट्रैक पर 600 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार पर हाइपरलूप का टेस्ट किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि हाइपरलूप एक हाई-स्पीड ट्रांसपोर्ट सिस्टम है, जिसमें पॉड्स (एक प्रकार के प्रेशराज्ड वाहन) कम दबाव वाली ट्यूब्स में सफर करते हैं। यह तकनीक एलन मस्क ने 2012 में शुरू की थी।

## ■ भारत कौशल रिपोर्ट 2025 जारी की गई—

हाल ही में देशभर में आयोजित एक व्यापक वैश्विक रोजगार परीक्षण के आधार पर भारत कौशल रिपोर्ट 2025 (India Skills Report 2025) जारी की गई है।

इस रिपोर्ट को व्हीबॉक्स (Wheebox) द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ (CII), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) और भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) के सहयोग से प्रकाशित किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य भारत में रोजगार योग्य युवाओं की क्षमता और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उनकी योग्यताओं का मूल्यांकन करना है।

गौरतलब है कि इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में लगभग 55 प्रतिशत भारतीय स्नातकों के वैश्विक स्तर पर रोजगार योग्य होने की उम्मीद है, जो वर्ष 2024 में 51.2 प्रतिशत (7 प्रतिशत की वृद्धि) से अधिक है।

## ■ लेखिका सूर्यबाला को व्यास सम्मान (2024) मिला—

हाल ही में हिन्दी की प्रसिद्ध लेखिका सूर्यबाला को वर्ष 2018 में प्रकाशित उनके उपन्यास 'कौन देस को वासी : वेणु की डायरी' के लिए के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2024 का (34वाँ) व्यास सम्मान प्रदान किया जाएगा।

चार लाख रुपए का यह पुरस्कार हिन्दी भाषा के विगत 10 वर्षों में प्रकाशित किसी उत्कृष्ट रचना के लिए वर्ष 1991 से प्रदान किया जा रहा है।

इससे पूर्व वर्ष 2023 के लिए के.के. बिड़ला फाउंडेशन का यह (33वाँ) व्यास सम्मान प्रसिद्ध हिन्दी लेखिका पुष्पा भारती को उनके संस्मरण 'यादें, यादें और यादें' के लिए दिया गया था।

## ■ एस. जयशंकर को श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया—

हाल ही में विदेश मंत्री एस. जयशंकर को दक्षिण भारतीय शिक्षा सोसायटी (SIES) द्वारा सार्वजनिक नेतृत्व के लिए श्री चंद्रशेखरेन्द्र सरस्वती राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें भारत की विदेश नीति और वैश्विक नेतृत्व

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम् के 68वें द्रष्टा स्वर्गीय श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है।

- **विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 की भारत को मिली मेजबानी—**

2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर, 2025 के दौरान नई दिल्ली (भारत) में किया जाएगा। यह पहली बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करेगा।

इस चैम्पियनशिप में विश्वभर के पैरा-एथलीटों की प्रतिभा का प्रदर्शन होगा।

2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप इस आयोजन का 12वाँ संस्करण होगा।

यह चौथा अवसर है जब एशिया में चैम्पियनशिप आयोजित की जा रही है। इससे पहले यह आयोजन 2015 में दोहा, 2019 में दुबई और 2024 में कोबे में हुआ था।

- **सऊदी अरब 2034 में पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी करेगा—**

अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने वर्ष 2024 पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब को सौंपने की घोषणा की है, जबकि स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को संयुक्त रूप से वर्ष 2030 में पुरुष विश्व कप की मेजबानी करेंगे।

फीफा की बैठक में मतदान के बाद दोनों विश्व कप के लिए मेजबान देशों की पुष्टि की गई।

विश्व कप की 100वीं वर्षगाँठ मनाने के लिए 2030 विश्व कप के तीन मैच अर्जेंटीना, पराग्वे और उरुग्वे में भी आयोजित किए जाएँगे।

- **किरण मजूमदार शॉ को जमशेदजी टाटा पुरस्कार मिला—**

हाल ही में आयोकॉन की चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ को इंडियन सोसायटी फॉर क्वालिटी (ISQ) द्वारा जमशेदजी टाटा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

उन्हें यह पुरस्कार बायोसाइंसेज क्षेत्र में उनके असाधारण नेतृत्व और आयोकॉन की वैश्विक बायोटेक लीडर के रूप में स्थापित करने में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

यह पुरस्कार किरण मजूमदार शॉ की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और बायोकॉन को जैव प्रौद्योगिकी में एक वश्विक नेता के रूप में बदलने में 1978 से उनके अग्रणी प्रयासों को मान्यता देता है, जो दुनिया भर में रोगियों को प्रभावित करता है।

- **अयोध्या राम मंदिर को सुरक्षा प्रबंधन पैमाने पर ब्रिटेन का 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' अवॉर्ड मिला—**

हाल ही में अयोध्या (उत्तर प्रदेश) में बन रहे भव्य राम मंदिर के निर्माण कार्य में रखे गए सुरक्षा मानकों को देखते हुए इसे ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल ने सम्मानित किया है।

ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल ने सुरक्षा मानकों के साथ निर्माण का परीक्षण कर इसे 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है।

निर्माण कंपनी लॉर्सन एण्ड टूब्रो की टीम को सुरक्षित निर्माण के लिए अवॉर्ड मिला है।

गौरतलब है कि स्वॉर्ड ऑफ ऑनर का पुरस्कार केवल विश्वस्तरीय सुरक्षा मानकों के निर्माण के आकलन के बाद उच्च स्तरीय सुरक्षित निर्माण पर दिया जाता है।

- **मदन बी. लोकुर संयुक्त राष्ट्र की आंतरिक न्याय प्रणाली के प्रमुख नियुक्त किए गए—**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस द्वारा सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायाधीश मदन बी. लोकुर को संयुक्त राष्ट्र आंतरिक न्याय परिषद् का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनकी नियुक्ति का कार्यकाल तत्काल प्रभाव से 12 नवम्बर, 2028 तक का रहेगा।

जस्टिस लोकुर आंतरिक न्याय परिषद् का नेतृत्व करेंगे, जिसमें दुनिया भर के प्रतिष्ठित न्यायविद् शामिल हैं।

- **मिखाइल कावेलाश्विली जॉर्जिया के नए राष्ट्रपति चुने गए—**

दिसम्बर, 2024 में मैनचेस्टर सिटी के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मिखाइल कावेलाश्विली (Mikheil Kavelashvili) जॉर्जिया के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। जॉर्जियन ड्रीम पार्टी के सांसद कावेलाश्विली इस पद पर सालोम जोराबीच्विली का स्थान लेंगे।

- **नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं—**

नेटुम्बो नंदी नदैतवाह नामीबिया के इतिहास में पहली बार महिला राष्ट्रपति के तौर पर चुनी गई हैं।

नदैतवाह फिलहाल देश की उपराष्ट्रपति हैं और लंबे समय से राजनीति में हैं।

आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाली नंदी-नदैतवाह अब नामीबिया की 5वीं राष्ट्रपति होंगी।

नामीबियाई चुनाव आयोग के अनुसार, नेटुम्बो नंदी-नदैतवाह को 57% वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पांडुलेनी इटुला को 26% वोट मिले।

- **ब्रेन रोट वर्ष 2024 के लिए ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर घोषित—**

हाल ही में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (OUP) ने वर्ष 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' (Brain Rot) को ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

'ब्रेन रोट' सोशल मीडिया पर बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करने के एक कॉमन ट्रेंड को रिप्रेजेंट करने वाला शब्द है अर्थात् यह शब्द लो-क्वालिटी वाले ऑनलाइन कॉन्टेंट के एक्सेसिव कंजप्शन को संदर्भित करता है।

पहली बार ब्रेन रोट का इस्तेमाल इंटरनेट के बनने से बहुत पहले वर्ष 1854 में हेनरी डेविड थॉरो ने अपनी किताब वाल्डेन में किया था।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 का ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर 'रिज' (Rizz) था।

- **दिसम्बर 2024 में भारत, फ्रांस और दुबई की भागीदारी वाला त्रिपक्षीय हवाई अभ्यास 'डेजर्ट नाइट' अरब सागर में सम्पन्न हुआ।**

  **तीन दिवसीय इस युद्धाभ्यास में भारत के सुखोई-30 एमकेआई और जगुआर जेट, फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमान और यूएई के एफ-16 विमान शामिल थे।**

- **देश का पहला डायबिटीज बायोबैंक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR) और मद्रास मधुमेह अनुसंधान फाउंडेशन (MDRF) के बीच सहयोग से चेन्नई में स्थापित किया गया है।**

  **बायोबैंक का उद्देश्य डायबिटीज के कारणों पर उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देना है, खासकर भारत में इसके अद्वितीय पैटर्न और संबंधित स्वास्थ्य स्थितियों पर ध्यान केन्द्रित करना है।**

- **'अन्न चक्र' और 'स्कैन' पोर्टल का शुभारम्भ—**

  हाल ही में केन्द्रीय उपभोक्त मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने भारत की सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से 'अन्न चक्र' और 'स्कैन' (NFSA के लिए सब्सिडी दावा आवेदन) पोर्टल लॉन्च किया। SCAN – Subsidy Claim Application for NFSA

- **भारत ने असम में पहली बार गंगा नदी डॉल्फिन को टैग किया—**

  हाल ही में भारत ने वन्यजीव संरक्षण में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत असम में पहली बार गंगा नदी डॉल्फिन (Platanista gangetica) को टैग किया है।

  इस परियोजना को प्रोजेक्ट डॉल्फिन के तहत राष्ट्रीय CAMPA प्राधिकरण द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023

- 21 दिसम्बर, 2024 को देश में वनावरण की स्थिति का आकलन करने वाली द्विवार्षिक 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट (India State of Forest Report 2023-IFSR 2023) का विमोचन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा वन अनंसुधान संस्थान, देहरादून में किया गया।
- भारतीय वन सर्वेक्षण (Forest Survey of India) द्वारा तैयार की गई यह 'आईएसएफआर' का 18वाँ संस्करण है। इसका प्रथम संस्करण वर्ष 1987 में प्रकाशित किया गया था।
- इस रिपोर्ट में, वनावरण, वृक्ष आवरण, कच्छ वनस्पति आवरण, भारत के वनों में कार्बन स्टॉक, वनाग्नि की घटनाएँ, कृषि वानिकी आदि विषयों में जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।

## आईएसएफआर : महत्त्वपूर्ण तथ्य

- वर्तमान आकलन के अनुसार, कुल वन और वृक्ष आवरण 8,27,356.95 वर्ग किमी. है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17 प्रतिशत है।
  - इसमें वनावरण (Total Forest Cover) का क्षेत्रफल लगभग 7,15,342.61 वर्ग किमी. (21.76 प्रतिशत) है।
  - इसमें वृक्ष आवरण (Tree Cover) का क्षेत्रफल 1,12,014.34 वर्ग किमी. (3.41 प्रतिशत) है।

भारत में वन और वृक्षावरण (वर्ग किमी. में)

| वर्ग | क्षेत्रफल | भौगोलिक क्षेत्रफल का % |
|---|---|---|
| वन आवरण | 7,15,342.61 | 21.76 |
| वृक्ष आवरण | 1,12,014.34 | 3.41 |
| **कुल वन व वृक्षवरण** | **8,27,356.95** | **25.17** |
| झाड़ियाँ | 43,622.64 | 1.33 |
| गैर-वन | 24,16,489.29 | 73.50 |
| देश का कुल | 32,87,468.88 | 100.00 |

- वृद्धि : वर्ष 2021 की तुलना में, देश के वन और वृक्ष आवरण में 1445.81 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई है।
  - वनावरण में वृद्धि : 156.41 वर्ग किमी.
  - वृक्ष आवरण में वृद्धि : 1289 वर्ग किमी.
- वन एवं वृक्ष आवरण (Forest and tree cover) में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष चार राज्य—
  1. छत्तीसगढ़ (683.62 वर्ग किमी.),
  2. उत्तर प्रदेश (559.19 वर्ग किमी.),
  3. ओडिशा (558.57 वर्ग किमी.),
  4. **राजस्थान (394.46 वर्ग किमी.)**
- वन एवं वृक्षावरण (Forest and tree cover) में सर्वाधिक कमी दर्शाने वाले राज्य—
  1. मध्य प्रदेश (612.41 वर्ग किमी.),
  2. कर्नाटक (459.36 वर्ग किमी.),
  3. लद्दाख (159.26 वर्ग किमी.)
- वनावरण (Forest Cover) में अधिकतम वृद्धि दर्शाने वाले शीर्ष तीन राज्य—
  1. मिजोरम (242 वर्ग किमी.),
  2. गुजरात (180 वर्ग किमी.),
  3. ओडिशा (152 वर्ग किमी.)
- सर्वाधिक वन एवं वृक्षावरण वाले शीर्ष तीन राज्य (क्षेत्रफल की दृष्टि से)—
  1. मध्य प्रदेश (85,724 वर्ग किमी.),
  2. अरुणाचल प्रदेश (67,083 वर्ग किमी.),
  3. महाराष्ट्र (65,383 वर्ग किमी.)
- सर्वाधिक वनावरण वाले शीर्ष तीन राज्य (क्षेत्रफल की दृष्टि से)—
  1. मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग किमी.),
  2. अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किमी.),
  3. छत्तीसगढ़ (55,1812 वर्ग किमी.)
- सर्वाधिक वृक्षावरण (Tree Cover) वाले राज्य—
  1. महाराष्ट्र (14,524.88 वर्ग किमी.),
  2. राजस्थान (10,841.12 वर्ग किमी.),
  3. उत्तर प्रदेश (8,950.92 वर्ग किमी.)
- राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत—
  1. लक्षद्वीप (91.33 प्रतिशत)
  2. मिजोरम (85.34 प्रतिशत)
  3. अंडमान एवं निकोबार द्वीप (81.62 प्रतिशत)।
- **कच्छ वनस्पति :** देश में कुल कच्छ वनस्पति आवरण (Total Mangrove Cover) 4,991.68 वर्ग किमी. है, देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 0.15 प्रतिशत है।
- **बाँस धारित क्षेत्र (Bamboo bearing area) :** देश में बाँस धारित क्षेत्र का विस्तार, 1,54,670 वर्ग किमी., अनुमानित किया गया है। (वर्ष 2021 की तुलना में 5,227 वर्ग किमी. की वृद्धि)
- **अभिलेखित वन क्षेत्र (RFA) में वृक्ष प्रजातियाँ :** यहाँ साल वृक्ष (Shorea robusta) का सर्वाधिक (11.43%) योगदान है। इसके बाद सागौन/टीक (4.46%) और चीड़ (4.43%) का स्थान है।
- टीओएफ (Trees Outside Forests) में सर्वाधिक वृक्ष प्रजाति आम (13.25%) की है। इसके बाद नीम (7.00%) और महवा (4.37%) की मात्रा सर्वाधिक है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

### IAS गौरव बुडानिया की प्रसिद्ध पुस्तकें

राजस्थान में सर्वत्र उपलब्ध

RPSC एवं RSSB द्वारा अब तक आयोजित परीक्षाओं के सभी महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का समावेश




## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com